# हर सप्ताह तीन दिन तक सिंहस्थ पर होगी चर्चा

- मेला अधिकारी श्री सिंह ने सिंहस्थ का संभाला मोर्चा
- स्वीकृत प्रगतिरत एवं प्रस्तावित कार्यों की होगी समीक्षा
- विकास के अलग-अलग बिन्दुओं पर होगा फोकस



नवभारत न्यूज

**उज्जैन. इस बार का महाकुंभ सबसे बेहतर किए जाने की तैयारी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा अनुसार की जा रही है.ऐसे में सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह को जो कमान सौंप गई है,उसमें वह अब तक की योजनाओं को धरातल पर उतारने में खरे साबित हुए हैं, यही कारण है कि अब प्रति सप्ताह तीन दिन तक लगातार की कुम्भ के कार्यों पर चर्चा की जाएगी.**

सिंहस्थ मेला अधिकारी एवं संभागायुक्त आशीष सिंह के द्वारा आगामी कुम्भ के अंतर्गत स्वीकृत, प्रगतिरत एवं प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा बैठक प्रति सप्ताह मंगलवार गुरुवार और शनिवार को की जाएगी. इस संबंध में समस्त नोडल अधिकारियों को आदेश जारी कर दिए गए है.

### मंगलवार को मंदिर व अन्य पर चर्चा

प्रति मंगलवार दोपहर 2.30 बजे बैठक में सिंहस्थ 2028 वाहन व्यवस्था, बाह्या सड़क प्रबंधन, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, सीवर संरचना, शौचालय सुविधाएं, श्री महाकालेश्वर दर्शन व्यवस्था एवं अन्य प्रमुख मंदिरों की दर्शन व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन तथा आंतरिक मार्ग व्यवस्था, लोक परिवहन, प्रकाश व्यवस्था, फायर प्लान, मेला क्षेत्र, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पेशवाई तथा शाही स्नान मार्ग, मेला क्षेत्र, प्रशासनिक कार्यालयों की व्यवस्था की समीक्षा की जाएगी.

**नोडल अफ़सरों की ली मीटिंग** - मेला अधिकारी श्री सिंह द्वारा सिंहस्थ के विभिन्न कार्यों के लिए नियुक्त किए गए नोडल अधिकारियों के साथ बैठक सिंहस्?थ मेला कार्यालय के सभाकक्ष में की जाएगी.

**गुरुवार को पार्किंग व अन्य विषय** -प्रति गुरुवार दोपहर 2.30 बजे प्रोटोकॉल व्यवस्था, अधिकारियों/ कर्मचारियों के ठहरने आदि की व्यवस्था, पार्किंग, सैटेलाइट टाउन्स, रेलवे संबंधी निर्माण कार्य, मीडिया प्लान, डाइवर्ट पॉइंट ऑफ़ अल्टरनेट रूट, टेलीकॉम सर्विसेज की समीक्षा की जाएगी.

**शनिवार को स्वास्थ्य, पंचक्रोशी** -इसी प्रकार प्रति शनिवार प्रातः 11.30 बजे स्वास्थ्य सुविधाएं, कंट्रोल कमांड सेंटर, खाद्य सुरक्षा, पेयजल व्यवस्था, क्वालिटी कंट्रोल हेतु सिस्टम, प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग, पंचक्रोशी यात्रा व्यवस्था, घाटों की व्यवस्थाएं, नगर सौंदर्यीकरण, संकेतक चिन्ह एवं सूचना प्रसारण की समीक्षा की जाएगी.

**इनका कहना है...**

समय काम है काम ज्यादा है, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशाअनुसार 30, हजार करोड़ के विकास कार्य, निर्माण कार्य, चौड़ीकरण,सौंदर्यकरण,बड़े पैमाने पर महाकाल की नगरी उज्जैन में चल रहे हैं. 2027 के पहले अधिकतर निर्माण कार्य पूरे किया जाना है, इसके लिए अब लगातार मॉनेटरिंग की आवश्यकता है यही कारण है कि सप्ताह में तीन दिन उन सभी नोडल अधिकारियों के साथ चर्चा की जाएगी जो कार्य प्राथमिकता पर पूरे किया जाना है.

**- आशीष सिंह, सिंहस्थ मेला अधिकारी एवं संभाग आयुक्त उज्जैन**

# उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने तृतीय अनुपूरक बजट किया पेश

## 19,287 करोड़ रुपयों का प्रावधान



**भोपाल, 17 फरवरी. मध्यप्रदेश विधानसभा में आज उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए तृतीय अनुपूरक बजट पेश किया, जिसमें 19287.32 करोड़ रुपयों का प्रावधान किया गया है.**

मौजूदा वित्त वर्ष के इस अंतिम अनुपूरक बजट में सबसे अधिक 4700 करोड़ रुपयों का प्रावधान नर्मदा घाटी विकास विभाग के लिए किया गया है. इसके साथ ही 1810 करोड़ रुपयों की राशि का प्रावधान राज्य सरकार पर विभिन्न प्रकार के ऋणों पर ब्याज चुकाने के लिए किया गया है.

बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को पेश किए गए तृतीय अनुपूरक बजट पर चर्चा के लिए अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने 23 फरवरी का दिन निर्धारित किया है. चर्चा के बाद इसे सदन में पारित किया जाएगा.

तृतीय अनुपूरक बजट की कुल 19,287.32 करोड़ रुपए की राशि में से राजस्व मद में 8,934.03 करोड़ तथा पूंजीगत मद में 10,353.29 करोड़ का प्रावधान है. मुख्यमंत्री और मंत्रियों के विवेकाधीन अनुदान के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रस्ताव है. इसके अलावा लोक निर्माण विभाग के लिए 1703 करोड़, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के लिए 1250 करोड़ और ऊर्जा विभाग के लिए 2630 करोड़ रुपयों की राशि प्रावधानित की गयी है.

# वित्तीय स्थिति पर पटवारी चिंतित

- केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी कम होने का मुद्दा उठाया



विशेष संवाददाता

**भोपाल, 17 फरवरी. मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, ने राज्य की मौजूदा आर्थिक स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर हस्तक्षेप करने और मुलाकात का समय मांगा है.**

पटवारी ने पत्र में लिखा है कि 16वें वित्त आयोग की सिफारिशों के तहत केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी 7.85 प्रतिशत से घटाकर 7.35 प्रतिशत कर दी गई है. इससे वर्ष 2026 से 2031 के बीच प्रदेश को लगभग 50 हजार करोड़ रुपये के राजस्व नुकसान का सामना करना पड़ सकता है. उन्होंने चेतावनी दी कि यह कटौती विकास योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को प्रभावित कर सकती है, खासकर तब जब राज्य पर कुल सार्वजनिक ऋण 5.31 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है, जो वार्षिक बजट से भी अधिक है.

चालू वित्तीय वर्ष में उधारी 72,900 करोड़ रुपये तक पहुंचने और बड़ी राशि के अव्ययित रहने पर उन्होंने वित्तीय अनुशासन पर सवाल उठाए.

पेज एक का शेष

## जीएसडीपी में 11.14 प्रतिशत की वृद्धि

सर्वेक्षण के मुताबिक वित्त वर्ष 2025-26 में प्राथमिक क्षेत्र के अंतर्गत फसलों का सर्वाधिक योगदान 30.17 प्रतिशत रहा. इसके बाद पशुधन 7.22 प्रतिशत, वानिकी 2.13 प्रतिशत, मत्स्यपालन एवं जलीय कृषि 0.61 प्रतिशत तथा खनन एवं उत्खनन 2.96 प्रतिशत रहा. प्राथमिक क्षेत्र का कुल मूल्य 6,33,532 करोड़ से बढ़कर 6,79,817 करोड़ रुपए हो गया है, जिससे 7.31 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है. द्वितीयक क्षेत्र का जीएसवीए 2,84,125 करोड़ से बढ़कर 3,12,350 करोड़ हो गया है और यह वृद्धि 9.93 प्रतिशत है. तृतीयक क्षेत्र में सर्वाधिक 15.80 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है और इसका कुल मूल्य 5,85,588 करोड़ है. इसके अलावा राज्य में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 2,618 करोड़ के राजस्व आधिक्य का अनुमान है तथा राजकोषीय घाटा जीएसडीपी का 4.66 प्रतिशत रहने का अनुमान है. कर राजस्व में 13.57 प्रतिशत की वृद्धि अपेक्षित है, जो आर्थिक गतिविधियों में तेजी का संकेत है. वर्ष 2024-25 में कुल फसल उत्पादन में 7.66 प्रतिशत तथा खाद्यान्न उत्पादन में 14.68 प्रतिशत की वृद्धि सामने आई है. राज्य में दुग्ध उत्पादन 225.95 लाख टन तक पहुँच गया है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है. औद्योगिक विकास के अंतर्गत 1,028 इकाइयों को 6,125 एकड़ भूमि आवंटित की गई है, जिनसे 1.17 लाख करोड़ रुपए के निवेश और लगभग 1.7 लाख रोजगार सृजन की संभावना है. राज्य में 1,723 स्टार्टअप और 103 इनक्यूबेशन केंद्र संचालित हैं, जो नवाचार को बढ़ावा दे रहे हैं. इसी तरह अमृत 2.0 के अंतर्गत 24,065 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया, जिसमें 1,134 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं. स्वास्थ्य क्षेत्र में कुल व्यय 34,112 करोड़ रुपए रहा है तथा 4.42 करोड़ आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैं.

**पश्चिम रेलवे**

**वाणिज्य शाखा ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक-रतलाम मंडल - पश्चिम रेलवे ने **नॉन फेयर रेवेन्यू** (NFR) **के माध्यम से** ई-नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को **www.ireps.gov.in** के (ई-ऑक्शन लीजिंग) पर प्रकाशित किया गया है, विवरण निम्न प्रकार से है।

**क्र.सं.**: 1, **ऑक्शन केटलॉग सं.** : PnU-RTM-RR-WR-2, **अनुबंध का प्रकार** : Pay and Use, **लॉट नं.** : PnU-RTM-RTM-WRL-52-26-1 (Pay and Use - Lounges / Waiting / Retiring / Cloak Rooms), PnU-RTM-RTM-WRL-51-26-1 (Pay and Use - Lounges / Waiting / Retiring / Cloak Rooms), **अनुबंध की अवधि** : 05 वर्ष, **ई-नीलामी की तिथि** : 02.03.2026, **समय** : प्रातः 11.00 बजे। **क्र.सं.**: 2, **ऑक्शन केटलॉग सं.** : MSS-INDB-26-55, **अनुबंध का प्रकार** : Misc. Static Services, **लॉट नं.** : MSS-RTM-INDB-PrKiosk-78-26-1 (Misc.-Static-Services-Promotional Kiosk), **अनुबंध की अवधि** : 05 वर्ष, **ई-नीलामी की तिथि** : 02.03.2026, **समय** : प्रातः 11.00 बजे। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। **IREPS** के ई-ऑक्शन मॉडयूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है। ADM/4/1/463

Follow us on: twitter.com/WesternRly

**भारत सरकार**

**राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण, मुंबई बेंच-VI**

एमटीएनएल एक्सचेंज बिल्डिंग, 44 के पास, जी.डी. सोमानी स्कूल, जी.डी. सोमानी मार्ग, कफ पारद, मुंबई, महाराष्ट्र - 400005।
फोन नंबर (022) 22175700/22172174, ईमेलः registrar-mum@nclt.gov.in

**अगली सुनवाई की तारीख की सूचना का प्रकाशन**

**सीपी (आईबी) 1090 वर्ष 2025/536**
**स्टेट बैंक ऑफ इंडिया**
**बनाम**
**इन्फ़्यूटेक हेल्थकेयर लिमिटेड**
**एनसीएलटी/एमयूएम/सीपी(आईबी) 1090 वर्ष 2025**

दिवालियापन और दिवालिया संहिता, 2016 की धारा 7 के तहत एक आवेदन स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा दायर किया गया था और इसे 27.01.2026 को सूचीबद्ध किया गया था।

अब उक्त आवेदन की सुनवाई माननीय न्यायनिर्णय प्राधिकारी, एनसीएलटी मुंबई के समक्ष 27.02.2026 को निर्धारित की गई है।

माननीय न्यायनिर्णय प्राधिकारी द्वारा दिनांक 27.01.2026 के आदेश के अनुसार, प्रतिवादी, अर्थात इन्फ्यूटेक हेल्थकेयर लिमिटेड को एतद्वारा निर्देश दिया जाता है कि वे अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से या आपके द्वारा विधिवत नियुक्त किसी अधिवक्ता या पेशेवर के माध्यम से, जैसा कि आपको सलाह दी जाए, 27.02.2026 को सुबह 10:30 बजे राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण, मुंबई बेंच-IV के समक्ष उपस्थित रहें। आपको आगे निर्देश दिया जाता है कि यदि कोई उत्तर देना हो तो उसे भौतिक रूप से और ई-माध्यम से नोटिस प्रकाशन की तिथि से अग्रिम प्रति के साथ प्रस्तुत करें। विपक्षी पक्ष को याचिका/आवेदन की प्रति कृपया अजिंक्या कुरुदुकर से प्राप्त करें।

ध्यान दें कि यदि आप निर्धारित दिन और समय पर, अर्थात 27.02.2026 को सुबह 10.30 बजे उपस्थित नहीं होते हैं, तो मामले की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में, कानून के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा।

**दिनांकः 30.01.2026**
**स्थानः मुंबई**
मुहर
**एसडी/-**
**दीपेश जोगाले (लिंक पर्सन)**
**एनसीएलटी मुंबई बेंच**

खुश खबर खुश खबर खुश खबर

**उज्जैन व्यापार मेला**

आइये और पाइये वर्ष 2026 की सबसे बेहतरीन डील

आर.टी.ओ. टैक्स पर 50% की छूट



इसके अलावा और भी अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए आज ही अपनी मारुती सुजुकी कार मॉडल तय कर बुक करे,
मेले का लाभ वाहन उपलब्ध होने पर ही दिया जायेगा, तो आज ही अपना वाहन बुक करे और मेले का लाभ प्राप्त करे।

**युग कार्स (मारुति शो-रूम)**
नागझिरी देवास रोड, उज्जैन
मोबाइल: 7389901262, 9755510100, 9752530200

मारुति ऑउटलेट उज्जैन तहसील
नागदा : नागदा बाईपास जावरा रोड 9009140508
तराना : तोतला मार्ग 9589090827
बड़नगर : रुनिजा रोड 9993566820
महिदपुर : घोंसला रोड, नारायण सिंह सोलंकी 9109107176
खाचरौद : पटेल नगर बड़नगर रोड 9993566910
घट्टिया : जगोटी रोड के पास, आगर रोड 8959600100
इंगोरिया : उज्जैन - नागदा रोड, इंगोरिया 9340294804




शुरूआती एक्स-शोरूम कीमत ₹ 63,059#
कॉर्पोरेट ऑफ़र्स/किसान योजना ₹2 200~ तक
डाउन पेमेंट ₹4 999$ से शुरू
EMI पर इंस्टेंट कैश बैक ₹10 000^ तक
HDFC BANK | SBI card क्रेडिट कार्ड
Powered by pine labs

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply
Hero GoodLife Stand a chance to win Gold and Silver Coins and many more assured benefits*

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. ^T&C apply, Offer available only on limited stores. *Limited period offer, T&C apply. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. #Ex-showroom price of HF Deluxe Self in Madhya Pradesh.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः इंदौर: सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवरकुआँ) 9289923211, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावद: राजेश हीरो 9289922774, उज्जैन: क्षिप्रा हीरो (फ्रीगंज, देवास रोड) 9289922354, लोहिया हीरो (चिमनगंज मंडी के सामने) 9289922718, बड़नगर: स्वास्तिक हीरो 9289922773, शाजापुर: बाबा हीरो 9289922833, रतलाम: एक्सीलेन्ट हीरो (महू रोड 9289922375, सैलाना रोड 07412-408600) नीमच: उत्तम हीरो 9289922367, मन्दसौर: रामदर्शन हीरो 9289922369, जावरा: रिलायबल हीरो 9289923045, एसोशिएट डीलरः अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 9425416084, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली : श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साईं मोटर्स 8962460729, 8889415553, आगर: रामदेव मोटर्स 9425921047, महिदपुर: रुचि ऑटोमोबाईल्स 9425091966, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, शुजालपुर: रॉयल बाईक्स 8817784120, तराना: क्षिप्रा मोटर्स 9826648880, नलखेड़ा: नाकोड़ा ऑटो सेल्स एण्ड सर्विस 9584284629, मनासा: मारू मोटर्स 9617944999, पिपलोदा: निमिष ऑटोमोबाईल 9826444701, श्यामगढ़: खुराना मोटर्स 9893126085, गरोठ: श्रीनाथ ऑटोमोबाइल 9826773646, नारायणगढ़: ललित ऑटोमोबाइल्स 9893525549, ताल: श्री बालाजी ऑटोमोबाइल्स 9691602742, बोलाई: अन्नपूर्णा मोटर्स, 9755116444, नंदनी: श्री मोटर्स, 8435192351, अरनिया कलां: तिलक ऑटो, 7697016717, राणापुर: सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबट: धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवा: राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्रा: श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौर: आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़: रुखमणी मोटर्स, 9993048891, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमली: न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, अलोट: दुर्गा दर्शन ऑटोमोबाइल्स, 8269538030, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा : गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342, जावरा: रिलायबल हीरो 9289923045, सीतामऊ: तिरुपति मोटर्स, 9753008855, पिपलिया मंडी: नवपद मोटर्स, 9479861211, दलोदा: जेएस मोटर्स, 9926600906.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60